हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 11 नवंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 नवजात बच्चों की सांसे सिस्टम के भरोसे, 13...



07 जंडेल बोले भाजपा नेता नहीं चाहते किसानों को...



## खबर संक्षेप

### ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन आज

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में अध्यनरत यूजी तथा पीजी के विद्यार्थियों द्वारा ऐतिहासिक महत्व के स्थलों, स्मारकों, स्तूपों, घटना स्थलों वैचारिक मठ-मंदिरों द्वारा प्रतिपादित संदेशो पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन 11 नवम्बर को समय 12:30 बजे से होगा। जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. वाय.एस ठाकुर के साथ पूर्व सांसद राज बहादुर सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की उपस्थिति में किया जायेगा। कुलपति एवं आमंत्रित अतिथिगण विद्यार्थियों द्वारा अपनी कल्पनाशीलता से निर्मित भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रोत्साहन करेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक अहिरवार ने बताया कि यह एक्जीबिशन इतिहास विषय को पढ़ने और समझने वाले विद्यार्थियों का अपना मौलिक ज्ञान उत्पादन है। यह रचनात्मक पहल समग्र शैक्षणिक परिवेश का अनिवार्य हिस्सा है। एक्जीबिशन के संयोजक डॉ. पंकज सिंह का आग्रह है कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं अन्य विभागों के विद्यार्थियों का इतिहास विभाग में स्वागत है। यह अवसर इतिहास का जीवंत प्रतिरूपण करेगा। अतः आपके द्वारा अवलोकन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करेगा।

### जिले में खाद वितरण शांतिपूर्वक जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा सभी एसडीएम एवं कृषि विभाग के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किसान भाइयों को जिले में आसानी से एवं सुगमता से खाद उर्वरक मिल सके इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जा रही हैं। इसी परिपेक्ष में जिले के सभी खाद्य वितरण केन्द्रों पर आसानी से एवं शांतिपूर्वक खाद वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर किसान भाइयों को आसानी से खाद उपलब्ध हो सके इसके लिए पूर्व से ही किसान भाइयों को निर्धारित संख्या में टोकन वितरित किए गए और टोकन के हिसाब से उनको कतारबद्ध करके एक-एक किसान को खाद उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश अनुसार खाद वितरण में किसान भाइयों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए बैरिकेडिंग भी कराई गई है एवं पेयजल की उपलब्धता की कराई गई है।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की जांच की

**सागर।** कलेक्टर के आदेश के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, द्वारा गौरझामर में कार्यवाही की। शिकायतकर्ता के द्वारा लगातार एक्सपायरी समान की बिकी की शिकायते फोन लगाकर की जा रही थी। संबंधित दुकान सुनील टेड्र्स का निरीक्षण किया गया। मौके पर शिकायतकर्ता को कई बार फोन लगाकर एक्सपपायरी खाद्य पदार्थो की जानकारी मागी जाने पर कोई विवरण नही दिया गया। दुकान पर रखे खाद्य पदार्थो की जाँच करने पर कोई भी एक्सपपायरी खाद्य पदार्थ नही पाया गया शंका के आधार पर पोहा एवं पिंडखजूर के नमूने जॉच हेतु लिये गये बीकानेर मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया शंका के आधार पर नमकीन के नमूनें संग्रहित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण भोपाल प्रेषित किये गये। इसके पूर्व भी एक्सपायरी खाद्य पदार्थो के विक्रय संबंधी शिकायतो पर सनत टेड्र्स, अतिशय किराना, पर निरीक्षण के दौरान नमकीन टोस्ट, पोहा, सूजी, बेसन, के नमूने सग्रहित संग्रहित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण भोपाल प्रेषित किये गये थे जिनकी जॉच रिपोर्ट अप्राप्त है। जॉच रिपोर्ट आने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## 31 दिसम्बर तक सभी निजी विद्यालय अपने विद्यालय की जानकारी पोर्टल पर करें दर्ज

# जिले में संचालित सभी निजी स्कूलों को सिलेबस, यूनीफॉर्म फीस, आदि की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में संचालित समस्त निजी विद्यालय के संचालकों को पोर्टल पर निर्धारित दिनांक तक विद्यालय में प्रस्तावित फीस, गणवेश, स्टेशनरी एवं आगामी सत्र का सिलेबस पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य है। सभी निजी स्कूल संचालक 31 दिसम्बर 2025 तक पोर्टल पर संबंधित जानकारी अपलोड कर जिला शिक्षा अधिकारी को अनिवार्यतः जानकारी प्रस्तुत करें। निर्धारित समय-सीमा में पोर्टल पर जानकारी अपलोड न करने पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए।



कलेक्टर संदीप जी आर ने अधिकारियों एवं जिले में संचालित सभी निजी विद्यालयों के प्राचार्यों, प्रबंधकों और संचालकों को निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 1917 एवं नियम 2022 तथा नियम 2024 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित प्रारूपों में विद्यालय से संबंधित समस्त जानकारी एवं फीस, स्टेशनरी, बुक्स तथा गणवेश की जानकारी विभागीय पोर्टल लिंक पर अपलोड करना अनिवार्य है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रत्येक निजी विद्यालय संबंधित जानकारी एवं अभिलेख पोर्टल पर दर्ज कराएं। इसके लिये 31 दिसम्बर 2025 तारीख निर्धारित की गई है। निर्धारित समय में जानकारी अपलोड न करने पर संबंधित संस्था के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देशित किया है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, यूनीफॉर्म, टाई, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिये औपचारिक अथवा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं करेंगे। छात्र या अभिभावकों को इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने की स्वतंत्रता होगी। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा यूनीफॉर्म को छोड़कर किसी भी पाठ्य समग्री पर विद्यालय का नाम उल्लेखित नहीं किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निजी विद्यालयों द्वारा अधिनियम और नियमों के प्रयोजन के लिये निम्नलिखित पंजी और अभिलेखों का संधारण भी किया जायेगा। जिसमें प्रवेश पंजी, फीस संग्रह पंजी, कर्मचारीवृंद वेतन पंजी, चैक पंजी, भंडार पंजी, संपत्ति पंजी, अभिलेख व विद्यालय प्रबंधन की बैठकों का कार्रवाई विवरण शामिल हैं।



### धैर्य और अभ्यास ही सफलता की कुंजी हैः यशपाल

**सागर।** ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में एमपीपीएससी परीक्षा में तृतीय रैंक प्राप्त करने वाले डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित यशपाल स्वर्णकार बच्चों से रूबरू हुए। इस संवाद सत्र में सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्या लिज़ी लुईस ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वर्णकार का स्वागत किया। विद्यालय में विद्यार्थियों ने श्री स्वर्णकार के साथ एक प्रेरणादायी संवाद सत्र में भाग लिया। उनसे प्रश्न पूछकर उनकी सफलता की इस यात्रा के अनुभवों को जाना। इस अवसर पर उन्होंने अपने अनुभव और विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। संवाद सत्र के अंत में श्री स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को ईमानदारी से अध्ययन करने, धैर्य रखने और गहराई से सोचने की सलाह दी, आपके विचार भी गहरे होने चाहिए स्वयं पर कार्य करें, धैर्य रखें। सफलता अवश्य मिलेगी।



### अग्रणी कॉलेज में हुआ पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण

**सागर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आज एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नितिन शर्मा 'बंटी' उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे, ओएसडी रामकुमार गोस्वामी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन व ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जनभागीदारी प्रभारी डॉ. जयकुमार सोनी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इमराना सिद्दीकी, राजकुमार नामदेव एवं निकेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन में पं. उपाध्याय जी को कर्मठ, कुशल राजनेता और दृढ़ इच्छाशक्ति के धनी महान व्यक्तित्व बताया।

### कटरा बाजार में रोड पर रखे 7 हाथठेला व सामग्री जब्त, चैरसिया होटल पर 1 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सोमवार को सुबह-सुबह कटरा बाजार पहुंचकर सड़क पर अतिक्रमण कर रखे गए 7 हाथठेले और अन्य सामग्री जब्त करायी। उन्होंने निगमकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा की यहां के सभी भावनो की बिल्डिंग परमिशन, भवन भूमि अनुग्या चैक करें और अतिक्रमण की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। शहर को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त बनाकर सड़कों को सुव्यवस्थित बनाया जायेगा। कटरा सागर शहर का मुख्य बाजार और पहचान है। यहां दूर दूर से लोग खरीदी बिक्री करने आते हैं। यहां की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना अत्यावश्यक है। यहां के ठेला व्यापारियों को बार बार समझाइश देने के बाबजूद सड़क पर अस्त व्यस्त ठेले लगाकर यातायात को प्रभावित किया जाता है। कटरा



बाजार क्षेत्र को सभी ओर से व्यवस्थित बनाने का प्रयास करें। निगमायुक्त श्री खत्री ने मस्जिद के पास स्टेशन रोड साइड सड़क पर ठेला लगाकर चाय-नास्ता बेचने वाले चैरसिया होटल संचालक पर 1000 रूपये का जुर्माना कराया।

निगमायुक्त ने भ्रमण के दौरान निर्देश दिए कि कटरा बाजार क्षेत्र बहुत ही व्यस्ततम क्षेत्र है इसलिए यहां आने वाले नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो इसलिए सभी भवनों की बिल्डिंग परमीशन की जांच करें और नियमानुसार निर्माण न होने पर कार्रवाई करें तथा मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर अवैधानिक निर्माण होने पर सख्त कार्रवाई करें। निगमायुक्त ने कटरा बाजार में भ्रमण दौरान दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपनी दुकान के पास डस्टबिन रखें, अगर दुकानों के आसपास गंदगी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जावेगी ।



### बुंदेलखंड कायस्थ समाज की बैठक संपन्न

**सागर।** बुंदेलखंड कायस्थ समाज की बैठक बसंत बिहार कालोनी तिली में आयोजित की गई जिसमें 14 नवम्बर से सदस्यता अभियान शुभारंभ करने का निर्णय लिया गया। समाज के संरक्षक दिनेश खरे ने बताया की 14 नवम्बर बाल दिवस पर बुंदेलखंड कायस्थ समाज के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा जिसमें लगभग एक हजार कायस्थ बंधुओं को सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संरक्षक मंडल सदस्य श एस एस श्रीवास्तव, जयप्रकाश खरे, पीके श्रीवास्तव, सीबी श्रीवास्तव, केसी सक्सेना ने कहा की हम सभी लोग मिलकर युवाओं के साथ घर घर जाकर समस्त कायस्थ बंधुओं को बुंदेलखंड कायस्थ समाज की सदस्यता ग्रहण कराने में सहयोग करेंगे। अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि अभी जिलास्तरीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है जिसमें शहर के 48 वार्डों में हम सभी लोग सक्रिय एवं प्राथमिक सदस्य बनाएंगे फिर तहसील स्तर पर भी सदस्यता अभियान संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम को जिला महामंत्री संदीप वर्मा सचिव चंद्रहास श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने भी संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन आशीष वर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन संजय श्रीवास्तव ने किया।

### महामंगल आरती के साथ 24 घंटे के वैश्विक अखंड भजन का हुआ समापन



**सागर।** सत्य साई सेवा संगठन के 24 घंटे के अखंड भजन का शनिवार शाम 6 बजे वेद पाठ, गणपति प्रार्थना के साथ शुभारंभ हुआ जिसका समापन रविवार शाम 6 बजे हुआ। इस दौरान संगठन की सागर, हनौता पारीक्षत, खुरई, देवरी समितियों से जुड़ी 16 मंडलियों के करीब 250 भक्तों ने भजनों का सुमधुर गायन किया। इस दौरान सत्य साई सेंट्रल ट्रस्ट की ट्रस्टी मीना ताई पिंपलापुरे ने कहा कि बाबा ने कहा है कि वे किसी धर्म विशेष को चलाने नहीं आए हैं, वे तो प्रेम से जीवन जीकर आत्मानंद को प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। इसलिए एक सौ वें जन्मउत्सव पर यह भजन खास हो जाते हैं। महामंगल आरती करने के पहले अनिरुद्ध पिंपलापुरे ने कहा कि बाबा ने कहा है कि जब तुम्हारे हृदय में दिव्यता प्रकट हो वही मेरा जन्म दिन है। इस अवसर पर आशा पिंपलापुरे, डॉ निकिता पिंपलापुरे, नीता खन्ना, डॉ देवेंद्र मुखारया, बीके गुरु, प्रेम चतुर्वेदी, अनिल शर्मा, श्रीराम दुबे, संजीव सुहाने, कीर्ति दुबे, प्रियंका विश्वकर्मा, सरमन यादव, हेमलता रिछारिया, रीतेश दुबे, तपस्या केवट, डॉ शिवम रिछारिया, हेमलता कुर्मी, आरती कुर्मी आदि उपस्थित थे। संयोजक जितेंद्र यादव ने सबका आभार माना।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम कार्यालय में हुआ कार्यक्रम

**सागर।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम कार्यालय के सभाकक्ष में निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के सामूहिक गान से हुआ, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो उठा।इस अवसर पर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गर्व,एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ना है, ऐसे आयोजन हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को देशभक्ति की भावना से निरंतर जोड़े रखते हैं।



### अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा सोमवार के दमोह रोड स्थित गणनायक में मुख्यमंत्री अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत नगर के भगतसिंह वार्ड, किला वार्ड, गाँधी वार्ड, टैगोर वार्ड, राम वार्ड, बाजार वार्ड,बजरंग वार्ड, साबूलाल और महाराणा प्रताप वार्ड से 12 मृतकों के परिजनों को 5 -5 हजार रुपए की नगद राशि प्रदान करते हुए कुल 60000 की सहायता राशि मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने प्रदान की। इस अवसर पर समस्त पार्षद गण के साथ साथ पात्र हितग्राही उपस्थित रहे।

## खुरई में 4 करोड़ की लागत से रजवास रोड निर्माण का भूमि पूजन

# विकास की गंगा निरंतर बहेगी, समृद्ध खुरई हमारा संकल्पः युवा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आज खुरई के खेरा नाका, रजवास रोड पर 4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर युवा नेता अविराज सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, "विकास की गंगा निरंतर बहेगी, और हमारा संकल्प है कि खुरई को समृद्ध बनाएंगे।" उन्होंने पूर्व गृहमंत्री एवं भूपेंद्र भैया के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की और जनसेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। अविराज सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के सिद्धांतों को अपनाते हुए हमें सबका सम्मान, आदर और सेवा करनी चाहिए। उन्होंने हिंदू संस्कृति की महानता का उल्लेख करते हुए कहा कि पांडवों की तरह हमें सत्य और विनम्रता के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि कठिन समय में सच्चा मित्र ही साथ देता है, और ईश्वर के साथ होने पर कोई भी संकट हमें डिगा नहीं सकता।



युवा नेता अविराज सिंह ने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए युवाओं से इसे रोकने और धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "नशा हमारा समय बर्बाद करता है और हमारी माताओं को परेशान करता है। हमें युवाओं को इससे दूर रखना होगा।" साथ ही, उन्होंने युवाओं से राजनीति में सक्रिय भागीदारी की अपील की, ताकि चरित्रवान लोग शासन में आगे आएं। युवा नेता अविराज सिंह ने अवसरवादी राजनीति को राष्ट्र के लिए हानिकारक बताते हुए इसे समाप्त करने का संकल्प दोहराया।उन्होंने पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र भैया के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि खुरई में 9 करोड़ रुपये के विकास कार्य पूरे किए गए हैं। इनमें मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण (4 करोड़), भूतेश्वर महादेव मंदिर और पातालीय हनुमान मंदिर का निर्माण (1 करोड़), विभिन्न सड़कों पर सीसी रोड निर्माण (2 करोड़), आरसीसी नाली निर्माण (1.5 करोड़), और वार्ड में स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना (50 लाख) शामिल हैं।

आगे की योजनाओं की घोषणा करते हुए अविराज सिंह ने कहा, "जल्द ही शिव मंदिर का निर्माण, 6 इंच की पानी की पाइपलाइन, और सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। जनता की हर मांग को प्राथमिकता दी जाएगी।" उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को विकास और विश्वास का प्रतीक बताते हुए कहा कि खुरई में विकास का रथ निरंतर आगे बढ़ेगा। अविराज सिंह ने अपनी वाणी को विराम देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और खुरई के उज्ज्वल भविष्य का वचन दिया। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों ने इस विकास कार्य की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त किया। युवा नेता अविराज सिंह ने खुरई स्थित विधायक कार्यालय में नागरकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र हल कराने का आश्वासन दिया।



### जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर कार्य तेजी से जारी

**सागर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश और कलेक्टर संदीप जीआर के मार्गदर्शन में जिले भर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिले में प्रतिदिन प्रगति दर्ज की जा रही है, जिससे मतदाता सूची को और अधिक सटीक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी रविश श्रीवास्तव के नेतृत्व में तहसीलदार बंडा मोहित जैन और नायब तहसीलदार ज्योति वर्मा ने ग्राम छापरी में ईफ फॉर्म का वितरण किया। इस दौरान मतदाताओं को फॉर्म भरने की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। तहसीलदार जैन के साथ सभी बीएलओ, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और कोटवार उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्रामीणों की सहायता कर फॉर्म भरवाने में सक्रिय भूमिका निभाई। यह अभियान मतदाता सूची में नई प्रविष्टियां, संशोधन और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन की टीम गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रही है, ताकि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो सके।कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा कि एसआईआर कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्ध हैं। जिले में अब तक अच्छी प्रगति हुई है और आने वाले दिनों में यह और तेज होगी। मतदाता फॉर्म भरने में किसी प्रकार की सहायता के लिए स्थानीय बीएलओ या किसी भी प्रकार की सहायता अथवा शिकायत के लिए कलेक्टर कार्यालय में स्थापित कॉल सेंटर से संपर्क सूत्र 07582 224543 पर कॉल कर सकते हैं।

### मातृ-शिशु सुरक्षा योजनाओं की खुली पोल खुली, एसएनसीयू वार्ड में स्टॉफ की कमी

# नवजात बच्चों की सांसे सिस्टम के भरोसे, 13 में से मात्र 2 नर्स मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला अस्पताल की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट एसएनसीयू में हालात बेहद गंभीर हैं। क्योंकि नर्स स्टॉफ की भारी कमी के चलते वार्ड में भर्ती नवजात बच्चों की सांसे सिस्टम के भरोसे चल रही है। गाइडलाइन के मुताबिक इस यूनिट में 22 नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है, लेकिन फिलहाल मात्र 13 नर्सें ही कार्यरत हैं। लेकिन गंभीर बात ये है कि इन 13 नर्सो में से कुछ नर्स तो स्थानांतरण, स्टडी लीव या प्रसूति अवकाश पर हैं। और जो बाकी बची है उन्हें अन्य वार्डो में कार्यरत किया गया है। ज़ब उक्त संबंध में एसएनसीयू में मौजूद डॉ बैभव जैन से पूंछा गया तो उन्होंने बताया कि एसएनसीयूप्रभारी डॉ कमलेश सूत्रकार एबं सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला द्वारा प्रशासन व सरकार को कई बार पत्र लिखने के बाद भी एसएनसीयू वार्ड का प्रोटोकॉल पूरा नहीं किया जा रहा। जिसकी बजह से स्टॉफ की बेहद कमी चल रही है। जिसकी बजह से ये स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में शहरवासियो का कहना है कि ज़ब सरकारी अस्पतालों में ही नवजातों की जान सुरक्षित नहीं, तो योजनाओं का क्या मतलब?




#### सिविल सर्जन डॉ शुक्ला ने बताई मजबूरी, पत्राचार पर हो रही अनदेखी

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला एबं एसएनसीयू वार्ड प्रभारी डॉ कमलेश सूत्रकार ने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि प्रशासन व सरकार को कई बार पत्र लिखकर अवगत कराया गया है कि जिला अस्पताल में 142 नर्स की पोस्ट स्वीकृत है लेकिन अभी वर्तमान में मात्र 112 नर्स ही कार्यरत है। और इनमे से 30 नर्स हमेशा अवकाश पर रहती है जिनमे से कोई चाईल्ड केयर लीव पर तो कोई मेटरनिटी लीव पर है। अब जिला अस्पताल के सभी वार्ड मात्र 82 नर्स के भरोसे है। जबकि जिला अस्पताल में 142 नर्स होना अति आवश्यक है। नर्सिंग स्टाफ की कमी की उक्त रिपोर्ट कई बार उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। हालांकि, ज़मीनी स्तर पर फिलहाल कमी से राहत के कोई संकेत नहीं हैं।

#### जननी-शिशु सुरक्षा योजनाओं की हकीकत ज़मीन बेनकाब

एसएनसीयू वार्ड की दो यूनिटों में रोज़ाना 45 से 50 नवजात भर्ती रहते हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की देखभाल के लिए नर्सें न होना प्रशासन की गंभीर लापरवाही मानी जा रही है। जबकि एसएनसीयू प्रोटोकॉल के चलते वार्ड में 22 नर्स होनी चाहिए लेकिन वर्तमान में मात्र 13 नर्स ही कार्यरत है। जिनमे से भी कुछ नर्स को जरूरत के चलते अन्य वार्डो में भेजना पड़ता है। उक्त गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रदेश सरकार की जननी-शिशु सुरक्षा योजनाओं की जमीनी हकीकत बेनकाब हो रही है।

#### एक बच्चे पर 2 नर्स का प्रोटोकॉल अपूर्ण होने से मासूमों की जान खतरे में

जानकारों के अनुसार अभी वर्तमान में एसएनसीयू वार्ड में भयावह स्थिति है क्योंकि प्रतिदिन दर्जनों नवजातों की निगरानी करने के कार्य में एक नर्स को ही कई बच्चों की देखरेख करनी पड़ रही है। स्टॉफ कमी के कारण शिशु उपचार में गंभीर बाधा आ रही है। समय पर दवा, संक्रमण नियंत्रण और उपचार मॉनिटरिंग जैसे अहम काम प्रभावित हो रहे हैं। एक नर्स कई नवजातों की जिम्मेदारी संभाल रही है, जबकि मेडिकल प्रोटोकॉल में एक नर्स पर अधिकतम 2 बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी तय है। एक चिकित्सक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यहाँ स्टाफ इतना कम है कि हर नर्स लगातार 12 घंटे की ड्यूटी करती है। ऐसी स्थिति में गलती की गुंजाइश बढ़ जाती है, और इसका गंभीर नुकसान मासूमों को उठाना पड़ता है।

#### सरकार के दावों की खुल रही पोल

सरकार द्वारा कई वर्षो से मातृ-शिशु स्वास्थ्य और नवजात सुरक्षा पर करोड़ों रुपये खर्च करने के दावे करती आ रही है, मगर जमीनी हकीकत में स्टाफ की तैनाती तक नहीं हो पा रही। जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अफसरों तक कोई इस संकट को गंभीरता से नहीं ले रहा। क्या सरकार व प्रशासन तब जागेगा जब कोई बड़ी घटना सुर्खियों में आएगी? केंद्रीय मंत्री देने बाले टीकमगढ़ जैसे जिलों में हेल्थ गाइडलाइन सिर्फ़ फाइलों तक सीमित रह जाती हैं?

### एक माह बाद भी रघुनाथ मंदिर चोरी का नहीं हुआ खुलासा

# मंदिर से एसडीएम कार्यालय तक हिन्दू संगठनों का पैदल मार्च, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले के बल्देवगढ़ नगर के श्री रघुनाथ जी मंदिर में हुई चोरी की घटना को एक माह से अधिक समय बीत गया, लेकिन पुलिस आज तक एक भी आरोपी तक नहीं पहुँच सकी। भगवान नरसिंह की प्रतिमा और पूजा सामग्री चोरी होने के बाद से क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिसको लेकर प्रदर्शन किया गया। बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच और अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर से एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च किया और जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। आमजन और सनातन धर्मावलंबियों ने कहा कि जब भगवान के घर में चोरी होती है और महीनों तक पुलिस सोई रहती है, तो आमजन का भरोसा कैसे कायम रहेगा? मंदिर के पुजारी पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि 6 अक्टूबर 2025 की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर से भगवान नरसिंह की प्रतिमा सहित पूजा सामग्री चोरी कर ली थी। घटना के बाद 10 अक्टूबर को ज्ञापन देकर 15 दिन में कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके उलट, असामाजिक तत्व झूठी शिकायतों से पुलिस को गुमराह कर रहे हैं, जिससे जनता में असंतोष गहराता जा रहा है। सौंपे गये ज्ञापन में मांग करते हुए कहा गया कि मंदिर में चोरी की जांच के लिये उच्च स्तरीय पुलिस दल का गठन किया जाये। भगवान नरसिंह की मूर्ति की पुनः प्रतिष्ठा शीघ्र कराई जाए। यदि 11 दिवस में चोरी का खुलासा नहीं हुआ, तो भूख हड़ताल और आमरण अनशन किया जाएगा। इस स्थिति की पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यह केवल चोरी का मामला नहीं, बल्कि आस्था पर हमला है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई, तो आंदोलन को ज़िला स्तर से प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा। ज्ञापन देने बालो में मंदिर पुजारी शिवकांत भार्गव, विजय नायक, महेश नायक, सुरेश नायक, राजकुमार खरे कल्लू पुजारी, सुरेंद्र मिश्रा, रमेश शुक्ला, परमानंद नायक, गोकुल दुबे, हरिशंकर तिवारी, सत्यप्रकाश यादव, अनिल पाठक, मोनू सेन, राजेश चौरसिया, रामदीन रैकवार सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी मौजूद रहे।

### आर्थोपेडिक विभाग में भर्ती किया था

# एक्सीडेंट में घायल नौजवान के जटिल फ्रैक्चर का ऑपरेशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मरीज़ राजीव प्रजापति वीरेंद्र उम्र लगभद 22 वर्ष, निवासीझ ललितपुर, एक्सीडेन्ट उपरांत प्राइवेट चिकित्सालय में उपचार के बाद चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के आर्थोपेडिक विभाग में भर्ती किया गया। प्रारंभिक जाँचों के उपरांत मरीज़ को दाहिने जाँघ की हड्डी (फीमर) एवं झड़ी मेखला पेल्विस में जटिल फ्रैक्चर पाया गया। साथ में मरीज़ की ऑक्सीजन 60% पर आ चुकी थी। मरीज़ को अविलम्ब उपचार हेतु आईसीयू में ट्रांसफर कर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश आर्या द्वारा परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत डॉ. राजेश आर्या द्वारा (रक्त प्रवाह में वसा का प्रवेश कर फेफड़े में चिपक जाना) का तुरन्त उपचार किया गया। चार दिन गहन उपचार के बाद हड्डी रोग विभाग की टीम ने जाँघ की हड्डी फीमर में छोटे वीस से नेल (रॉड) डालकर फीमर फ्रैक्चर का उपचार किया।

### 395 जवानों की रातभर दबिश, अपराध के अड्डों पर टूटा कहर

# दो दिवसीय कॉम्बिंग गश्त में सैकड़ो वारंट तामील, हिस्ट्रीशीटर जांचे, वसूला जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में अपराधियों की कमर तोड़ने और कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में दो दिवसीय कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। 08 और 09 नवम्बर को चले इस अभियान में पुलिस ने अपराधियों पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई की। जिसमें गांवों से लेकर कस्बों तक, हर संदिग्ध ठिकाने पर पुलिस ने कार्यवाही की। इस अभियान की कमान स्वयं एसपी मंडलोई ने संभाली। उनके मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, 02 एसडीओपी, 14 थाना प्रभारी और कुल 395 पुलिस अधिकारी व जवान तैनात रहे। रातभर चली दबिशों में पुलिस ने गांव-गांव सर्च ऑपरेशन चलाया और फरार वारंटियों को पकड़कर कानून के शिकंजे में कस दिया। दो दिन के भीतर पुलिस ने लंबित न्यायालयीन कार्रवाइयों में सराहनीय परिणाम सामने आये। जिसमे 252 समंस तामील, 58 गिरफ्तारी वारंट, 06 स्थायी वारंट, 204 जमानती वारंट तामील कर उक्त अभियान न्यायिक प्रक्रियाओं को गति देने और अपराधियों की जवाबदेही तय करने का सशक्त उदाहरण बना। पुलिस ने 72 हिस्ट्रीशीटरों की जांच की, 112 शरारती तत्वों पर निगरानी बढ़ाई और 10 हाल ही में जेल से रिहा अपराधियों के ठिकानों की पड़ताल की। कॉम्बिंग के दौरान आवकारी अधिनियम के 27 प्रकरण दर्ज कर 34 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई। साथ ही जुआ अधिनियम के तहत 1 मामला दर्ज हुआ। ट्रैफिक अनुशासन की जांच में 472 वाहनों की जांच, 122 पर चालान और 38,900 जुर्माना वसूला गया। इस कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि टीकमगढ़ पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि हर नागरिक निडर होकर जीवन व्यतीत कर सके।

### राष्ट्रगीत केवल शब्द नहीं बल्कि भारत की आत्मा का स्वर

# राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ पर प्रशासनिक भवनों में एक साथ उठा देशभक्ति का स्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़ागांव धसान



भारत सरकार के निर्णयानुसार राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे देश में एक वर्षीय राष्ट्रीय गीत स्मरणोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले की सभी नगरीय निकायों में सोमवार को अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का संपूर्ण गायन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक परिसरों, नगर पालिकाओं और परिषद कार्यालयों में देशभक्ति की गूंज छाई रही। इस अवसर पर अधिकारियो कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता और आज़ादी के आंदोलन की आत्मा है, जिसने राष्ट्र को एक सूत्र में बाँधा है। भारत सरकार ने वंदे मातरम् के एतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक वर्षभर विविध गतिविधियाँ आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस अवधि को चार चरणों में विभाजित किया गया है जिसमें प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर तक शुभारंभ सप्ताह, द्वितीय चरण 19 दिसम्बर से 26 जनवरी 2026 तक गणतंत्र पर्व से जुड़ी गतिविधियाँ, तृतीय चरण में 7 से 15 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान, एवं चतुर्थ चरण में 01 से 7 नवम्बर 2026 तक समापन सप्ताह रूप में आयोजन किये जाने है। हर चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठी, विद्यालय-स्तरीय प्रतियोगिताएँ, रैलियाँ और सामूहिक गायन जैसे आयोजन होंगे, जिनसे राष्ट्रगीत के प्रति जनजागरण और नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ किया जाएगा। टीकमगढ़ जिले के नगरीय निकायों टीकमगढ़, बड़ागांव धसान, जतारा, लिधौरा, पलेरा, खरगापुर और ओरछा सहित सभी नगर परिषदों में सामूहिक वंदे मातरम् गायन हुआ। अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और नागरिकों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत गाकर भारत माता को नमन किया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगीत के बोलों के साथ पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण व्याप्त रहा। इसमें अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल समारोह नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम की चेतना को पुनर्जीवित करना है।

### रातोंरात जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम विजयपुरा निवासी गिरजाबाई पत्नी केशवदास ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि 6 नवम्बर की रात करीब 11 बजे उसकी आराजी नं. 957 रकवा 1.801 पर गांव के कुछ दबंगों ने रातों-रात कब्जा कर लिया। बताया कि रात में उसके खेत पर दबंगों द्वारा ट्रैक्टर चलाकर फसल खराब कर दी गयी। मौके पर पहुंचकर जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये जान से मारने पर आमादा हो गये। जहां से पीड़ित पक्ष अपनी जान बचाकर भाग आये। पीड़िता ने एसपी से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### दुकानदार ने खराब सामान देकर की मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम खरवांचपुरा निवासी यशप्रताप सिंह पुत्र गोविन्द सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शनिवार को अपराह्न करीब 1.15 बजे बानपुर चौराहा पर आशाराम प्रजापति की दुकान में सामान लेने गया हुआ था, तभी आशाराम व परशुराम पुत्रगण मथुराप्रसाद प्रजापति ने उसे खराब सामान दे दिया, जिस पर पीड़ित ने अच्छा सामान देने की बात कही। इस पर आक्रोशित होकर दोनों भाईयों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया।

### बीएलओ व स्थानीय सहयोग से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को प्राथमिकता के निर्देश

# कलेक्टर श्रोत्रिय की सख्त हिदायत एसआईआर कार्य में न हो लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य की समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने सख्ती से कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य बेहद महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, इसे प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि ईआरओ और एआरओ अपने क्षेत्र के बीएलओ, सुपरवाइजर व स्थानीय स्वयंसेवकों से प्रतिदिन संपर्क बनाए रखें और मॉनिटरिंग रिपोर्ट तैयार कर प्रगति की समीक्षा करें। साथ ही बीएलओ को बीएलए, शासकीय कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।



#### जनजातीय गौरव दिवस पर होंगे सांस्कृतिक आयोजन

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि जनजातीय गौरव दिवस को पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल ग्रामों में जनजातीय गौरव यात्राएँ निकाली जाएँ और जिला स्तरीय समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियाँ, योजनाधारित प्रदर्शनी सहित आदिवासी हितग्राहियों को शासन योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक जड़ों और आदिवासी समाज के योगदान को सम्मान देने का अवसर है।

#### एक्शन प्लान और विकास कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिला स्तरीय एक्शन प्लान की तैयारी हेतु सभी विभागों को शेष जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक्शन प्लान में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, मुक्तिधाम और खेल मैदान जैसी आवश्यक सुविधाओं को शामिल किया जाए। साथ ही वैध कॉलोनी विकास से जुड़े प्रस्तावों की समीक्षा कर नियम अनुसार स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने प्रधानमंत्री धन्य धान्य कृषि योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित विभागों को जिले का एक्शन प्लान तैयार करने और डीएटीसीसी के अंतर्गत विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि खाद वितरण से कोई किसान वंचित न रहे।

#### शिकायतों व योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर श्रोत्रिय ने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदनों, भावांतर भुगतान योजना, आयुष्मान भारत, कोर्ट एवं अवमानना प्रकरणों, तथा लोक सेवाओं की गारंटी अधिनियम के तहत लंबित मामलों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, अंजली शर्मा, आदिम जाति कल्याण विभाग के संयोजक मुकेश पालिवाल, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, पीओ डूडा शिवि उपाध्याय, तथा लोक सेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक बाबू जंडेल के बयान के बाद गरमाई जिले की राजनीति

# जंडेल बोले भाजपा नेता नहीं चाहते किसानों को मिले फसल मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चित रहने वाले कांग्रेसी विधायक बाबू जंडेल ने फिर ऐसा बयान दिया है जिससे जिले की राजनीति अचानक गरमागई है। भाजपा और कांग्रेस दल के नेता इन बयानों को लेकर सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए हैं और एक दूसरे पर जमकर खुन्नस निकालते दिख रहे हैं। भाजपा नेता जहां विधायक के बयान को ओछी राजनीति करार दे रहे हैं वहीं कांग्रेस नेता विधायक के बयान को सही बताने में अड़े हुए हैं।

श्योपुर विधायक बाबू जंडेल का एक बयान पहले सोशल मीडिया पर जारी हुआ जो बाद में न्यूज़ चैनलों की सुर्खियां बन गया। दरअसल विधायक बाबू जंडेल ने किसानों को फसल मुआवजा के लिए किसान कांग्रेस के चल रहे धरना प्रदर्शन पर किसी टीवी चैनल को बयान देते हुए बोल दिया कि भाजपा नेता नहीं चाहते हैं कि किसानों को खराब हुई फसलों का मुआवजा मिले उन्होंने नाम लिए बिना पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय पर आरोप लगाते कहा कि भाजपा के पूर्व विधायक और अन्य भाजपा नेता मुख्यमंत्री से भोपाल जाकर मिले और वह मुख्यमंत्री से यह कह कर आए हैं कि श्योपुर जिले में बारिश से कोई क्षति नहीं हुई है,किसानों को मुआवजे की जरूरत नहीं है। कांग्रेस के विधायक किसानों के वोट लेने के चलते आंदोलन कर रहे हैं और किसानों को भड़का रहे हैं। विधायक के इस बयान ने राजनीतिक क्षेत्र में हंगामा मचा कर रख दिया। भाजपा नेता भी विधायक के बयान के बाद हमलावर हो गए। वह कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल पर उल जलूल बयान देने के आरोप लगा रहे है। सोशल मीडिया पर जहां भाजपा नेता विधायक के बयान के खिलाफ़ तो कांग्रेस नेता विधायक के बयान के समर्थन में पोस्ट डालने लगे। इस मामले में टीवी चैनलों को बयान देते हुए पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय ने विधायक जंडेल के इस बयान को ओछी राजनीति और एक जनप्रतिनिधि (विधायक) को ऐसी बातें शोभा नहीं देती जैसे बयान दिए हैं। अन्य नेता भी इसी तरह के बयान टीवी चैनल और सोशल मीडिया पर दे रहे हैं।



### शोभा नहीं देती ऐसी बातें

एक जनप्रतिनिधि को इस तरह की बातें शोभा नहीं देती है जिस तरह कि विधायक बाबू जंडेल ने की है इस समय किसान बड़ी परेशानी में है उन्हें कैसे राहत दिलाई जाए इसकी चिंता सभी मिलकर कर रहे हैं और उन्हें करना भी चाहिए पर जिस तरह के राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से किसी नेता पर मनगड़ंत आरोप लगाए गए हैं वह शर्मनाक है।

दुर्गा लाल विजय
पूर्व विधायक श्योपुर

### मुआवजा दिलवाए भाजपा नेता

विधायक जी ने जो बयान दिया है अगर वह गलत है तो भाजपा नेता जिनकी सरकार मध्य प्रदेश और देश में है वह देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जो हमारे पुराने मुख्यमंत्री रहे हैं उनसे और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से किसानों को मुआवजा दिलवाएं और उनका बिजली बिल माफ करवाएं केसीसी माफ करवाई जाए अगर वह यह नहीं करवा पाते हैं तो विधायक के बयान को सही माना जाना चाहिए।

जसवंत सिंह मीणा
जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस श्योपुर

### भाजपा नेताओं की दिल्ली और भोपाल दौड़ दिखावा थी?

फसल मुआवजा को लेकर भाजपा नेता दिल्ली और भोपाल की दौड़ लगा चुके हैं, इस दौरे की जिस तरह सोशल मीडिया पर उन्होंने पोस्ट डाली है और समाचार पत्रों में भी जिस तरह न्यूज़ छपवाई है अगर विधायक जंडेल की बात सही है (जिसकी पुष्टि होना बाकी है) तो उससे तो यही प्रतीत होता है कि भाजपा नेताओं की दिल्ली ओर भोपाल की यह कवायद दिखावा थी?

### विधायक की बात को कोई गंभीरता से नहीं लेता

हमने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से मिलकर किसानों की फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है, जिसमें क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, सहित जिले के सभी भाजपा नेता शामिल थे। इस मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री से मिले निर्देश के तहत नुकसान का आंकलन क्रॉप कटिंग के माध्यम से किया जा रहा है यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तो शासन से प्रशासन द्वारा मांगी गई राशि एक-एक किसान के खाते में तत्काल डाल दी जाएगी।साथ ही जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है उन्हें फसल बीमा का क्लेम भी दिया जाएगा। जहां तक विधायक जी की बात है तो वह क्या कहते हैं यह बात भले ही वह खुद न समझें पर क्षेत्र की जनता अच्छे से समझती है।उनकी बात को कोई गंभीरता से नहीं लेता है।

शशांक भूषण
भाजपा जिलाध्यक्ष श्योपुर

### खुद विधायक ने कहा मुआवजा देने की जरूरत नहीं

हमने दिल्ली जाकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से और उसके बाद में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से किसानों को फसलों की क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिलाने की मांग की है इन नेताओं ने भरोसा दिलाया है कि सभी को फसल का मुआवजा मिलेगा। पर मुझे विश्वास सूत्रों से पता चला है कि विधायक बाबू जंडेल ने भोपाल पहुंचकर जिम्मेदार नेताओं से कहा है कि फसल में कोई नुकसान नहीं हुआ है हम तो राजनीति के लिए आंदोलन कर रहे हैं किसी को कोई मुआवजा देने की जरूरत नहीं है।

सुरेंद्र जाट
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा

### पति, देवर और सास समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज

# दहेज में कार और 2 लाख न लाने पर विवाहिता को घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दहेज में एक विवाहिता को कार और 2 लाख रूपए न लाने पर ससुरालियों ने प्रताडित करते हुए घर से निकाल दिया। विवाहिता को प्रताडित करके घर से निकालने वाले ससुरालीजन राजस्थान के निवासी है। इस मामले में महिला थाना पुलिस ने पीडित विवाहिता की शिकायत पर पति,देव और सास समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है।

महिला थाना प्रभारी अनुराधा सिंह ने बताया कि देहात थाना क्षेत्र के ग्राम आमल्दा निवासी युवती किस्मत बैरवा की शादी राजस्थान के कोटा जिले के गांव डूंगरली में हुई थी। शादी के बाद कुछ समय तक तो ठीक ठाक रहा,लेकिन इसके बाद विवाहिता को उसके ससुरालीजन दहेज में कार और 2 लाख रूपए लाने के लिए प्रताडित करने लग गए। विवाहिता किस्मत बैरवा ने शिकायत दर्ज कराई कि दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर ससुरालीजनों ने उसे प्रताडित करते हुए घर से निकाल दिया। इस मामले में विवाहिता किस्मत बैरवा की रिपोर्ट पर उसके पति ओमप्रकाश बैरवा, देवर राजू बैरवा, सास गोबरी बाई निवासी डूंगरली थाना इटावा जिला कोटा राजस्थान के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।




# रक्तदान शिविर में जुटा 25 यूनिट रक्त बचाएगा कई जरूरतमंद लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में बनी रक्त की कमी को दूर करने के लिए योग शिक्षक दिनेश साहू ने अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें 25 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। जो कई जरूरतमंदो की जान बचाएगा,इसके लिए इस ब्लड को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पहुंचा दिया गया है।

योग शिक्षक दिनेश साहू ने सोमवार को अपना 50 वां जन्मदिन मनाते हुए अपने निवास पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें उनकी पत्नी मंजेश साहू ने 14 वीं बार रक्तदान किया। इसके साथही लक्ष्मी सेंगर, गायत्री प्रजापति, भगवती प्रसाद मंगल, हनुमान सुमन, अकरम मनिहार, विकास गर्ग, आयुष बंसल, बृजेश राठौर, आलोक बाथम, विनोद प्रजापति, हेमंत मित्तल, योगेश गर्ग, विमल गुप्ता, रवि चौहान, राजकुमार गर्ग, शुभम गर्ग, अमन रंगरेज, मुकेश राठौर, रामबाबू शर्मा , बंटी, रामनरेश, रामलखन ने किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, भाजपा नेता महावीर सिसोदिया, समाजसेवी अरुण ओसवाल, महावीर गुप्ता, संजय अकोदिया, कपा ठाकुर, गजेंद्र वर्मा, कैलाश चंद्र राठौर ,कुंज बिहारी राठौर, गजेंद्र जैन आदि ने विशेष रूप से उपस्थित होकर रक्तदान करने वाले लोगों को सम्मानित करते हुए योग शिक्षक को जन्मदिन की शुभकामनाए प्रदान करते हुए रक्तदान शिविर के आयोजन की सराहना की।




# धरने का चौथा दिन: किसानों ने सरकार की सदबुद्धि के लिए किया यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत दिनों बे मौसम बरसात से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर बीते चार दिनों से किसान पटेल चौक पर धरना दे रहे हैं। किसानों की मांग है कि सरकार बे मौसम हुई इस बारिश का से फसल बर्बादी का आरबीसी के तहत मुआवजा वितरण करें और फसल बीमा राशि का क्लेम तत्काल दिलवाए। इस दौरान किसानों ने सरकार की सदबुद्धि के लिए यज्ञ भी किया।

धरना दे रहे किसानों ने बताया कि यह धरना गैर राजनीतिक है और इसमें पीड़ित किसान और किसानों की समस्याओं के प्रति जागरूक लोग शामिल हैं। जो सरकार से लगातार मुआवजा की मांग करते चले आ रहे हैं किसानों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी सिर्फ बातें कर रहे हैं लेकिन किसानों को मुआवजा दिलाया जाए इस बारे में गंभीर नहीं है पटवारी क्रॉप कटिंग के नाम पर अनावश्यक जानकारियां किसानो से मांग रहे हैं जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी हो रही है किसानों की मांग है कि जिले को आपदा ग्रस्त घोषित कर मुआवजा और राहत प्रदान की जाए जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है उनका बिजली का बिल माफ किया जाए एवं केसीसी का कर्ज पर ब्याज खत्म किया जाए बिजली वसूली तत्काल रोक जाए चार दिनों तक चल रहा है इस धरने पर सोमवार को सरकार के सद्बुद्धि के लिए यज्ञ भी किया गया।



### सांख्यिकी कार्यालय का बाबू निलंबित,वीरपुर तहसील में रहेगा मुख्यालय

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय श्योपुर में पदस्थ बाबू कृष्ण कुमार रघुवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय तहसीलदार कार्यालय वीरपुर रखा गया है। जारी आदेश के अनुसार जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय श्योपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कृष्ण कुमार रघुवंशी द्वारा जनभागीदारी योजना अंतर्गत जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य स्वीकृति हेतु प्रस्ताव मंगाये जाने के लिए जिला सांख्यिकी अधिकारी के स्थान पर स्वयं के हस्ताक्षर कर पत्र जारी किया गया, इस मामले में उक्त बाबू को निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

# दो आरोपियों पर 5-5 हजार का इनाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा मप्र पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-बी(1) में प्रदत्त शक्तियो का उपयोग करते हुए 2 फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार फरार आरोपी करन पुत्र मुकेश सांसी एवं फरार आरोपी अस्मित पुत्र कलिया सांसी निवासी कडिया, थाना वोडा जिला राजगढ पर 5-5 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है, उक्त आरोपियों पर थाना कोतवाली श्योपुर में धारा 379 भादवि के तहत अपराध क्रमांक 116/24 पंजीबद्ध है।

# तलैया में डूबने से आठ साल की बालिका की मौत

श्योपुर। अपनी मां और दादी के साथ खेत पर गई एक आठ साल की बालिका की उस समय तलैया में डूबने से मौत हो गई,जब बालिका शौच धोने के लिए तलैया में पानी लेने के लिए गई थी। यह घटनाक्रम गसवानी थाना क्षेत्र के गांव हीरापुरा का है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि ग्राम हीरापुरा निवासी 8 साल की बालिका उमा पुत्री विनोद प्रजापति रविवार को अपनी मां और दादी के साथ खेत पर गई थी। जब दादी और मां खेत में काम कर रही थी,तभी बालिका को शौच लगी तो वह शौच धोने के लिए खेत के पास मौजूद तलैया में चली गई। जहां उसका पैर फिसलने से वह तलैया में गिर गई और डूब गई। इसका पता जब तक परिवार के लोगो को चला और उन्होने बालिका को तलैया से बाहर निकाला,तब तक बालिका की मौत हो गई।

### पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के वेतन काटने का भी निर्देश

# प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का कटेगा 7 दिन का वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिए गए निर्देशो के क्रम में सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद ने ग्राम ढेंगदा स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर एमडीएम व्यवस्था का अवलोकन किया और बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया। इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थित 50 प्रतिशत से भी कम पाये जाने तथा पेयजल की उचित व्यवस्था नही होने और विद्यालय परिसर में साफ-सफाई नही होने के चलते प्रधानाध्यापक राधेश्याम का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये।

सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा ढेगदा भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र ढेगदा-ए का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान केन्द्र का संचालन अव्यवस्थित पाये जाने पर आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिका का सात-सात दिवस का वेतन काटने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने पंचायत भवन ढेगदा का निरीक्षण भी किया तथा पंचायत भवन में गंदगी पाये जाने, नलजल योजना का सुचारू संचालन नही होने के साथ ही सामुदायिक स्वच्छता परिसर बंद मिलने पर पंचायत सचिव पप्पू आदिवासी एवं रोजगार सहायक सपना सिकरवार का 10-10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।



# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण, कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग द्वारा आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय मकडावदाकलां, शासकीय माध्यमिक विद्यालय नयागांव तेहखण्ड, शासकीय प्राथमिक विद्यालय बाराभैरू, शासकीय माध्यमिक विद्यालय पटना एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय पटना का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक शिक्षा यश जैन भी मौजूद रहें। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग द्वारा निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में बच्चों को प्रदाय किये जा रहे मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा स्वयं भी मध्यान्ह भोजन कर गुणवत्ता का आंकलन किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन, शैक्षणिक स्थिति, साफ-सफाई, पेयजल एवं टॉयलेट आदि व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों से चर्चा कर विद्यालयों के नियमित खुलने एवं बच्चों की पढाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उक्त सभी विद्यालयों में कमियां पाये जाने पर सभी प्रधानाध्यापको को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।



### प्रशिक्षु अफसरों के साथ कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने की बैठक

# भाप्रसे के 18 प्रशिक्षु अफसर पहुंचे श्योपुर, सप्ताह भर तक करेंगे गांवों का भ्रमण,लेगे फील्ड प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी भारत सरकार मसूरी के 100वां फाउण्डेशन कोर्स के लिए प्रशिक्षण के लिए 18 प्रशिक्षु आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसर श्योपुर जिले के भ्रमण पर आए है। वे यहां एक सप्ताह तक रूककर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करेगे और शासन की योजनाओं की जानकारी लेते हुए अपना फील्ड प्रशिक्षण भी प्राप्त करेगे। श्योपुर आए इन 18 प्रशिक्षु अफसरों के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अर्पित वर्मा और सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ आसानी से मिल जायें तथा लोगों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई न हो तथा ग्रामीण क्षेत्रो में योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचें, इस कार्य प्रणाली के साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की,साथही श्योपुर जिले में कूनो नेशनल पार्क एवं चीता प्रोजेक्ट के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद द्वारा प्रशिक्षु अफसरों को मनरेगा योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में होने वाले कार्यो के संबंध में बताया गया तथा ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं सेवाओं जैसे स्कूल, आंगनबाडी, पेयजल, उप स्वास्थ्य केन्द्र, पीडीएस आदि के बारे में अवगत कराया गया। उल्लनेखनीय है कि मैदानी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए श्योपुर जिले के भ्रमण पर आए प्रशासन अकादमी के 18 अफसरों में आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस अफसर शामिल है।



### 6-6 अफसरों की बनाई तीन टीमें, तीनों विकासखंडो का करेगी भ्रमण

श्योपुर जिले में मैदानी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आए 18 प्रशिक्षु अफसरों की तीन टीम बनाई गई है। बताया गया है कि प्रत्येक टीम में छह छह प्रशिक्षु अफसरों को शामिल किया गया है। ये तीनों टीमे एक सप्ताह तक जिले के श्योपुर,विजयपुर और कराहल विकासखंड क्षेत्रों का भ्रमण करेगी और वहां शासन की योजनाओं के संचालन की हकीकत जानते हुए अपना फील्ड प्रशिक्षण प्राप्त करेगी।

### 3 आईएएस,1 आईपीएस और 2 आईएफएस अफसर श्योपुर जिले को दे रहे अपनी सेवाएं

यहा बताना होगा कि जिस श्योपुर में 18 प्रशिक्षु अफसर फील्ड प्रशिक्षण लेने के लिए आए है,उस श्योपुर जिले में आईएएस अफसरों की तिकडी एक साथ अपनी सेवाएं दे रही है। इनमें कलेक्टर अर्पित वर्मा, जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद और एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा शामिल है। एक साथ तीन आईएएस अफसरों के जिले में काम करने से यहां के प्रशासनिक कामकाज में खासी कसावट देखी जा रही है। इनके साथही जिले में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के रूप में एक आईपीएस अफसर और डीएफओ कूनो आर थिरूकुलर तथा डीएफओ सामान्य वन मंडल केए रंधा के रूप में दो आईएफएस अफसर भी अपनी सेवाएं जिले को उपलब्ध करा रहे है।

### किसान कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

श्योपुर । विगत तीन दिनों से चल रहे किसान कांग्रेस के धरना प्रदर्शन के दौरान सोमवार को शहर में मशाल जुलूस निकाल कर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। विधायक बाबू जंडेल,किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा के नेतृत्व में निकाले गए मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए जो अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते चल रहे थे किसान कांग्रेस का आरोप है कि सरकार जानबूझकर किसानों को विगत दिनों हुई बे मौसम बारिश से बर्बाद फसलों का मुआवजा नहीं दे रही है



### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 12 को

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 12 नवंबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन चैतन्य चौहान ने बताया कि बैठक में रबी सिंचाई वर्ष 2025-26 में सिंचाई हेतु नहरों से जल प्रदाय सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं यातायात पुलिस की संयुक्त चालानी कार्रवाई

**अशोकनगर।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोकनगर किरण तुमराची धुर्वे, के आदेश के पालन में न्यायिक मजिस्ट्रेट की शनिवार को त्रिदेव मंदिर व राजमाता चैराहा पर पृथक-पृथक टीम बनाकर संयुक्त कार्यावाही कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 39 वाहनों पर चालानी कार्यावाही कर 25800 रूपये समन शुल्क वसूल किया एवं 02 वाहनों का न्यायालय इस्तगासा तैयार कर न्यायालय अशोकनगर पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनल गुप्ता, प्रिया चैहान एवं शुभम द्विवेदी एवं यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक स्नेहा ठाकुर, सूबेदार संतोष शर्मा, सउनि. निरंजन सिंह भील एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा। थाना यातायात द्वारा अनाधिकृत रूप से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। 09 नवंबर फोटो न.11 नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमुरिया नई निवासी बैजनाथ अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालू और सहदेव अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी जगदीश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक, गुलाबचंद, सरोजबाई, रीनाबाई शर्मा ने खेत जोतने के ऊपर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पठारी चक्क निवासी जसवंत सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक रघुवंशी और एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भगवानपुर निवासी पर्वत सिंह जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुकेश जाट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी अविनाश अरिहवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तुलसीराम और संग्राम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं जिले की कोतवाली पुलिस ने नया बस स्टेण्ड निवासी विकास सेन जो जेवीएस कॉलोनी में हाथ भटटी की कच्ची शराब बेच रहा था उसके पास से 16 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जिले की ईसागढ़ पुलिस ने दिमान सिंह कुशवाह निवासी ग्राम कोहरवास के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### भैस चोरी के दो आरोपियों को गुना से पकड़ा

**अशोकनगर।** पिछली 23 सितंबर को नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम अखाईघाट से भैंसे चोरी हो गई थीं। जिनमें दो भैंसे और एक पाड़ा शामिल था। उक्त घटना की रिपोर्ट हरीराम पाल ने नईसरायं थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने उक्त घटना के आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चुराई गई दो भैंसे और एक पाड़ा बरामद किया है। जिनकी कीमत 2 लाख 25 हजार है तथा 5 लाख रूपए की कीमत का पिकअप वाहन भी जप्त किया गया है। जब यह चोरी की घटना हुई थी उस समय अज्ञात व्यक्ति उनके घर से भैंसे चोरी कर ले गए थे। जब आरोपियों का पता नहीं चला तब विशेष टीम का एसपी राजीवकुमार मिश्रा द्वारा गठन किया गया जिसके बाद पुलिस ने पड़ौसी जिला गुना निवासी पप्पू पुत्र भगवत सिंह यादव, निवासी मिर्जापुर और सादिक खान निवासी पटना बड़ी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने यह भैंसे चोरी की जाना स्वीकार की हैं। आरोपियों के पास से यह भैंसे बजरंगगढ़ थाने के जंगल में स्थित पुलिया गीतखो के पास बरामद की गई हैं। जो पिकअप वाहन जप्त किया गया है उसका नम्बर आरजे 17 जीबी 0298 है।

## तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, अब गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ी

# ठंड की दस्तक, असर भी हुआ शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नबंवर का पहला पखवाड़ा ठण्ड के मौसम के साथ प्रारंभ हुआ है पिछले 3 दिनों से शहर में ठण्ड का प्रभाव सुबह और शाम के साथ दिन में भी देखने को मिल रहा है। रविवार को अशोकनगर का सबसे न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्शियस रहा। आने वाले दिन भी ठण्ड से भरे होगें। यह असर अभी से दिखना प्रारम्भ हो गया है।

जिले में इस बार वर्षा काल का मौसम पिछले 15 दिन पहले तक चलता रहा। हमेशा ऐसा होता आया है कि वर्षा काल की अवधि समाप्त होने के बाद लगभग 2 महीने मिले जुले मौसम के बीच निकलते हैं। जिसमें एक महीना सामान्य मौसम रहता है और दूसरे महीने के जाते जाते गुलाबी ठण्ड की शुरूआत होती है। इस बार वर्षा आखिरी तक चलने के कारण सीधे ठण्ड की शुरूआत हो गई है। इस वर्ष वर्षा अधिक होने से ठण्ड भी अच्छी पड़ने के आसार हैं। अब जाड़े का मौसम शुरू हो गया है पानी भी अब ठण्डा लगने लगा है जिसके कारण लोग गर्म पानी का इस्तेमाल पिछले 15 दिनों से कर रहे हैं। इस बार देखें तो सारे त्यौहार 20 दिन पहले चल रहे हैं लेकिन इस बार जितनी वर्षा हुई है उसके आधार पर यह आंकलन किया जा रहा है कि इस वर्ष अच्छी ठण्ड पड़ने के आसार हैं।

### रजाई का स्थान कंबल ने लिया

इस ठण्ड भरे मौसम की शुरूआत होते ही गर्म कपड़ों की मांग शुरू हो गई है। पहले एक जमाना था जब लोग रूई से बनी रजाई का इस्तेमाल करते थे अब बाजार में रजाई का स्थान कंबलों ने ले लिया है। अब लोग कंबलों का उपयोग ज्यादा करने लगे हैं शहर के दुकानदारों के यहां तो कंबलों की मांग है ही साथ में शहर के वायपास रोड के किनारे भी बाहरी लोगों ने उत्तरप्रदेश के उरैया से आकर अपनी दुकानें लगा रखीं हैं। यह दुकानदार ट्रक से माल भरकर लाते हैं। जिनमें कम वजन के साथ अधिक बजन के कंबल भी शामिल है। जितने वजन के कंबल है उतने दाम अधिक हैं। इन कंबलो के साथ बाजार में अब रजाई भी बनी हुई मिल रही हैं, उधर दूसरी ओर अगर रजाई भरने बालों की बात करें तो अब बाहर से आने वाली रूई जो सफेत रंग की हुआ करती थी वह अब नजर नहीं आती उसका स्थान काले रंग की रूई ने ले लिया है जिसे कपड़े की चिंदियों से बनाया जाता है।

### बायपास रोड के किनारे गर्म कपड़ों की दुकानें लगीं

शहर में गर्म कपड़ों की दुकानें भी देखी जा सकती हैं बाहर से आने वाले दुकानदारों ने भी वायपास रोड़ के किनारे अपनी दुकानें लगा रखीं हैं। यह दुकानदार हर वर्ष बाहर से यहां पर माल बेचने के लिए आते हैं और शहर में हर दुकान पर गर्म माल का स्टॉक है जैसे जैसे ठण्ड बढ़ रही है, वैसे वैसे गर्म कपड़ों की मांग भी बढ़ती जा रही है। कभी एक जमाना था ऊन से बनी स्वेटर की मांग होती थी लेकिन आज ऐसा नहीं है, अब उनका स्थान जर्किनों ने ले लिया है। बाजार में सभी प्रकार की जर्किनें आ गई हैं जिन्हे कोट पहने का शौक है वह कोट का सहारा लेते हैं। टोपा से लेकर मफलर भी ठण्ड बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनकी मांग भी बाजार में हैं थोक दुकानदारों से लेकर फुटकर दुकानदारों के यहां पर भी यह मांग सामने आ रही है।

# 'बंदियों को उनके कानूनी अधिकार से अवगत होना विधिक रूप से आवश्यक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा




न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत सोमवार को उपजेल करैरा, में प्लीवारगेनिंग एवं जेल अपील के अधिकार सहित अन्य विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवपुरी राजेन्द प्रसाद सोनी के निर्देशन एवं दिनेश कुमार खटीक प्रथम जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में किया गया है। कार्यक्रम में रज्नेश पाल, न्यायिक मजिस्टेज्ट प्रथम श्रेणी करैरा, द्वारा सबजेल में निरूद्ध बंदियों को प्लीवारगेनिंग, निःशुल्क विधिक सहायता, जेल अपील, सहित बंदियो के स्वास्थय एवं अन्य अधिकार विषय पर बंदियों को जानकारी दी गई।

बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में बताया गया कि समस्त बंदी निःशुल्क विधिक सहायता के पात्र होते हैं समस्त बंदियो के पास अधिवक्ता होना अनिवार्य है, जो बंदी स्वंय अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं होते हैं। उन्हे विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क विधिक सहायता योजना अंतर्गत अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते है। तत्पश्चात न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के मुख्य उद्देश्य के अंतर्गत समस्त बंदियो से उनके प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उन्हें उचित कानूनी सलाह भी प्रदाय की गई। साथ ही सहायक जेल अधीक्षक सुनील शर्मा द्वारा बंदियों को जेल मैन्यूल के महत्वपूर्ण बिंदुओं से भी बंदीगण को अवगत कराया।

## आरोग्य भारती की जिला बैठक संपन्न

# औषधीय पौधों का रोपण स्वस्थ जीवन शैली पर प्रभावी वक्तव्य




**अशोकनगर।** स्थानीय युगल सरकार मंदिर पर आरोग्य भारती की जिला बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश दीक्षित प्रांतीय संगठन मंत्री ने प्राकृतिक जीवन एवं स्वस्थ जीवन शैली पर प्रभावी मार्गदर्शन दिया। जिला सचिव बृजकिशोर शर्मा ने आरोग्य भारती के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों का व्रत प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। आरोग्य भारती जिला अध्यक्ष डॉ. जयमंडल सिंह यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी का स्वागत किया एवं अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। धनवंतरी स्तवन का पाठ आरोग्य भारती जिला उपाध्यक्ष डॉ. हरवीरसिंह रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आरोग्य भारती के योग प्रभारी आचार्य रामबली यादव ने किया आभार जिला उपाध्यक्ष महेश श्रीवास्तव विवेकानंद स्कूल डायरेक्टर ने किया कार्यक्रम के पश्चात युगल सरकार प्रांगण में तुलसी एवं आवले का पौधा लगाया। इस दौरान डॉ. आनंद मोहन दुबे डॉ. अशोक लोधी डॉक्टर संजय श्रीवास्तव सतीश रघुवंशी परमाल बैरागी रीना यादव कल्पना नवोदय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# समाधान योजना के तहत बकाया बिल की भरपाई आसान

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। योजनांतर्गत प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है। समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में जो कि एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को कंपनी के उपाय ऐप पर भी पंजीयन की सुविधा शीघ्र ही मिलने लगेगी। पंजीयन के दौरान अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। साथ ही विद्युत वितरण केंद्र में पहुंचकर भी योजना के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।

# खुद की जमीन पर मकान बनाने से रोक रहे दबंग

## एसडीएम सहित पुलिस से लगाई मदद की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

जिले के करैरा नगर में मंडी के पास पेट्रोल पंप के पीछे खसरा नंबर 1857 पर निजी प्लॉट खरीदने वाली अंशू गुप्ता पत्नी नवनीत गुप्ता को दबंगों द्वारा निर्माण कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। अंशू गुप्ता ने बताया कि यह जमीन पूरी तरह उनकी मालिकाना हक वाली है, लेकिन पड़ोस के दबंग लोग बेवजह उन्हें परेशान कर रहे हैं और मकान निर्माण नहीं करने दे रहे।

विक्रेता संजय पहारिया ने भी पुष्टि की कि उन्होंने वैध तरीके से प्लॉट बेचा था और कब्जा भी दिला दिया था, फिर भी अंशू को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। इस घटना से स्थानीय स्तर पर लोगों में आक्रोश पैदा है, जहां खुद की संपत्ति पर अधिकार जताने वाले को भी न्याय नहीं मिल पा रहा। अंशू गुप्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि करैरा थाना क्षेत्र में स्थित यह प्लॉट उन्होंने संजय पहारिया से खरीदा था। दस्तावेजों के अनुसार, खसरा नंबर 1857 का यह हिस्सा पूरी तरह वैध है और उन्होंने उतने ही क्षेत्र में निर्माण शुरू किया जितना खरीदा था। लेकिन जैसे ही मजदूरों ने काम शुरू किया, पास के कुछ दबंग तत्वों ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने न केवल निर्माण रोक दिया, बल्कि अंशू और उनके परिवार को धमकियां भी दीं। अंशू ने कहा, मैने अपनी मेहनत की कमाई से यह प्लॉट खरीदा, लेकिन अब दबंगों के आगे मजबूर हूं। अंशु गुप्ता ने बताया कि यह जमीन उनकी है, रिकॉर्ड में भी मेरा नाम दर्ज है। संजय पहारिया ने बताया कि महिला अंशू को परेशान किया जा रहा है, जो अन्यायपूर्ण है। दबंगों को सबक सिखाना जरूरी है, वरना अन्य खरीदार डर जाएंगे। यह विवाद केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। अंशू गुप्ता को पुलिस स्टेशन से लेकर एसडीएम कार्यालय तक हर जगह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दबंगों के प्रभाव से स्थानीय प्रशासन भी निष्पक्ष जांच नहीं कर रहा। कई बार शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उनका परिवार मानसिक रूप से टूट रहा है। महिला ने कहा, पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन दबंगों की धमकी के कारण कोई एक्शन नहीं। अब एसडीएम कार्यालय में भी आवेदन दिया है। अगर न्याय नहीं मिला तो उच्चाधिकारियों तक जाऊंगी।

## खेतों में फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाने पर कई किसानों पर अर्थदंड अधिरोपित

**अशोकनगर।** पिछले दिनों कलेक्टर आदित्य सिंह ने खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाये जाने का आदेश किया गया था। जिसमें कहा गया था कि इससे पर्यावरण जन स्वास्थ्य एवं जीव जंतुओं को होने वाली हानि, आदि की घटनाओं को रोकने हेतु की कार्यवाही किये जाने का आदेश पारित किया गया था। उक्त आदेश के पालन में तहसीलदार तहसील अशोकनगर द्वारा ग्राम बेरखेडी तूमैन एवं अशोकनगर के मक्का की फसल की नरवाई जलाने वाले कृषकों का आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। तहसीलदार तहसील अशोकनगर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी द्वारा नियमानुसार कृषकों पर अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। जारी आदेश अनुसार बेरखेडी तूमैन के कृषक प्रिंसपाल पुत्र हरनाम सिंह सिख,5000 रूपए,अशोकनगर के कृषक शम्भूदयाल पुत्र हंसराज अग्रवाल पर 15000 रूपए तथा अशोकनगर के कृषक त्रिलोकचंद्र पुत्र हंसराज अग्रवाल 15000 रूपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। तहसीलदार आदेशानुसार अर्थदण्ड की राशि संबंधित कृषक से वसूल कर शासकीय कोष में जमा कराकर चालान की एक प्रति प्रकरण में संलग्न करने के आदेश जारी किए गए हैं।

## मुनि सुधासागर महाराज ने थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा...

# श्रम के सूत्र प्रातः काल की बेला में मेहनत के साथ अपनाना जीवन में वरदान साबित होगा: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अतिशय क्षेत्र थूवोनजी में एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम के सूत्र प्रातः काल की बेला में मेहनत के साथ अपनाना जीवन में वरदान साबित होगा। सुबह का समय महेनत करने वाले को वरदान साबित होगा, गाड़ी चलाते समय श्रम वाला सूत्र ड्राइवर को बताये यदि ड्राइवर भगवान भरोसे गाड़ी छोड़ दें तो फिर आपके ज़ीने की गारंटी समाप्त हो जायेगी। दूसरा सूत्र किस्मत में जो लिखा है वहीं होगा। यह महा-अशुभ का सूचक है यह सूत्र आपको अकर्मण्य बना देगा तीसरे सूत्र चातुर्मास में दिया था भगवान भरोसे कोई काम मत करना यह बहुत बड़ा सूत्र है। कई चीजें मंगल होते हुए भी अमंगल हों जाती हैं।

### कार्य के शुभारंभ में शुभ शब्द अलग होते हैं शब्द हमें भविष्य का संकेत देते हैं

उन्होंने कहा कि किसी कार्य को प्रारंभ करते समय शुभ शब्द अलग होते है शब्द हमें भविष्य का संकेत दे देते हैं। 24 घंटे हर समय एक ही वस्तु मंगल हो यह ज़रूरी नहीं है। कोई चीज अशुभ है यह हो सकता है। आपको कोई संकेत दे रही हो अपशगुन कोई बड़ी बात नहीं है कैसा भी अपशगुन हो आप उस समय को टाल दीजिए। आप फिर अपना काम कर लेना सब ठीक होगा। जैसे आप के आगे से विल्ली निकल गई जिसने विल्ली को निकलते नहीं देखा ऐसे व्यक्ति को निकल जाने दे। उस पर कोई असर नहीं होगा और आपका अमंगल भी टल जायेगा, चाहें वह कोई सा भी अपशगुन हो तुम्हारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अपसगुन सगुन एक संकेत मात्र है जो आने वाले समय से हमें सावधान करते हैं।

### साधना क्या है साधना वह जो हर मूर्ति में प्रभु दिखा दे

उन्होंने कहा कि साधना क्या है साधना वह जो हर मूर्ति में प्रभु की छवि के दर्शन करा दें आपकों ऐसे मंत्र की सिद्धि हो जाये कि आप हर मूर्ति की छवि को जितने बार नमोस्तु करें उतने बार आपको अलग अलग भगवान के रूप दिखने लग जायें। ऐसी साधना करना है कि आप प्रतिदिन के गंधोदक में उसके प्रभाव को महसूस करना सीख जायें। शान्ति धारा करते ही गंधोदक की ताकत बदल गई अभिषेक के समय के भगवान अलग थे और सिद्धालय के भगवान अलग है। सिद्धालय के भगवान आपका कुछ नहीं करेंगे और अभिषेक के भगवान आपके जीवन की धारा को बदल देंगे।

### भगवान के दर्शन की एनर्जी अलग है अभिषेक की एनर्जी अलग होती है

उन्होंने कहा कि भगवान के तुम दर्शन कर रहे हो उस समय भगवान की एनर्जी अलग है भगवान के पूजन के समय की एनर्जी अलग है आप अभिषेक करने पहुंचे तो एनर्जी अलग हो गई और जैसे ही भगवान की शान्ति धारा करने प्रारंभ होते ही उस मूर्ति की एनर्जी बढ़ती चली जायेगी। पहले यह बताओ की आदिनाथ भगवान और अन्य मन्दिरों में विराजमान आदिनाथ भगवान तो एक ही लेकिन बड़े बाबा की एनर्जी अलग है और अन्य मन्दिरों में विराजमान प्रभु की एनर्जी अलग है। इसलिए मैं कह रहा था कि कार्य को प्रारंभ करते समय भाग्य को बीच में मत लाना किस्मत को काम करते समय सामने नहीं लाना यह विश्रांत के मंत्र है जब आप पूरी मेहनत कर लेते हैं और फिर भी सफलता में कमी रह जाती है।

### ज्ञानी व्यक्ति किसी से होड़ नहीं करता

उन्होंने कहा कि ज्ञानी व्यक्ति किसी व्यक्ति से होड़ नहीं करता वह अपनी शक्ति को जानकर कार्य करता है। आज लोग दुखी क्यों है क्योंकि वे अपने आप को कांपटीशन में झोंक देते हैं हर व्यक्ति एक दूसरे से कांपटीशन कर रहा है यह जो कार्य आप कर सकते है उससे भी अधिक करने की चाह में ही दुःखी हो रहे हैं। आज लोग रोटी के लिए नहीं स्पर्धा के लिए चिंतित हो रहे हैं। आज लोग अपनी आवश्यकता की तो 99 प्रतिशत पूरी कर रहे हैं लेकिन प्रति स्पर्धा की भूख बढ़ गई है कि जीवन से शान्ति गायब हो रहीं है। इस शान्ति को हमें स्थाई बनाना है इसके लिए शान्ति से जीवन जीने के सूत्रो पर अमल करें।

### मुनि संघ के सान्निध्य में होगा असीम कालीन भक्तावर मंडल विधान

इस अवसर पर क्षैत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य राष्ट्र संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आगमन की स्मृति को स्थाई बनाये रखने के लिए क्षेत्र कमेटी असीम क़ालीन श्री भक्तावर महा मंडल विधान प्रारंभ करने जा रही है जो तीर्थ क्षेत्र पर हमेशा चलता रहेगा। इसमें विधान कर्ता परिवार को जीवन में एक बार एक निश्चित राशि जमा करानी होगी।